प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय एवं भारतीय प्रबंध संस्थान काशीपुर के साथ हुआ एमओयू

पंतनगर। 29 जुलाई 2022। विश्वविद्यालय में भारतीय प्रबंध संस्थान, काशीपुर एवं कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय के मध्य आज एक एमओयू पर हस्ताक्षर किये गये। एमओयू का उद्देश्य छात्र गतिशीलता, अनुकूलित शिक्षा एवं प्रशिक्षण कार्यशालाओं, संकाय एवं छात्र विनिमय, संकाय के लिए अनुसंधान सहयोग, विद्यार्थियों एवं स्टार्ट–अप के लिए शोध को प्रोत्साहित करने के लिए दीर्घकालिक साझेदारी बनाना है। यह साझेदारी उत्तराखंड की प्रमुख कृषि समस्याओं और ग्रामीण विकास चुनौतियों का समाधान करने हेतु एक संघ बनाती है। कार्यक्रम में अधिष्ठाता, कृषि व्यवसाय प्रबंधन, डा. आर.एस. जादौन ने साझेदारी के 4 क्षेत्रों यथा संयुक्त कार्यकारी विकास कार्यक्रम, सहकारी अनुसंधान और विकास परियोजनाएं, छात्र और स्टार्ट–अप गतिशीलता : भारतीय प्रबंध संस्थान एवं विश्वविद्यालय की प्रयोगशाला सुविधाओं और अन्य बुनियादी ढांचे को साझा करना तथा संकाय एवं छात्र विनिमय के बारे में जानकारी प्रदान की।

- निदेशक, भारतीय प्रबंध संस्थान, काशीपुर के प्रोफेसर कुलभूषण बलूनी ने विश्वविद्यालय एवं आईआईएम के मध्य साझेदारी पर प्रकाश डाला। भारतीय प्रबंध संस्थान, काशीपुर के सहायक अधिष्ठाता डेवलपमेंट, प्रोफेसर वैभव भमोरिया ने आईआईएम काशीपुर द्वारा संचालित किए गए विभिन्न स्टार्टअप के बारे में विस्तार से बताया। निदेशक शोध, डा. ए.एस. नैन ने विश्वविद्यालय की विभिन्न प्रयोगशाला सुविधाओं और शोध के बुनियादी ढांचे पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय के प्राध्यापक, डा. मुकेश पांडे ने कृषि व्यवसाय के विभिन्न क्षेत्रों का उदाहरण दिया जहां दोनों संस्थान सहयोग कर सकते हैं।

इस अवसर पर कुलपति, डा. ए.के. शुक्ला ने आह्वान किया कि इस सहयोग से जमीनी स्तर पर वास्तविक प्रभाव पड़ना चाहिए, छोटे किसानों को बाजारों से जोड़ना चाहिए और उनकी आय में वृद्धि करनी चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में डा. आशुतोष सिंह, डा. सौरभ सिंह, डा. जे.सी. बडोला, डा. रीतिका भट्ट, डा. निर्देश कुमार सिंह और डा. स्नेहा दोहरे ने सहयोग रहा। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, निदेशक, संकाय सदस्य के साथ महाविद्यालय के कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

समझौते ज्ञापन के साथ विश्वविद्यालय के कुलपति, डा. ए.के. शुक्ला, अधिष्ठाता, कृषि व्यवसाय प्रबंधन, डा. आर.एस. जादौन तथा भारतीय प्रबंध संस्थान काशीपुर के निदेशक, डा. कुलभूषण बलूनी एवं सहायक अधिष्ठाता डेवलपमेंट, प्रोफेसर वैभव भमोरिया।